# प्रेस विज्ञप्ति

**<u>बीएचईएल कर्मचारियों ने वर्ष 2008 के लिये तीन राष्ट्रीय विश्वकर्मा पुरस्कार प्राप्त किये;</u>**
**<u>कम्पनी की कुल विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने की संख्या 100 के पार पहुंची,</u>**
**<u>बीएचईएल ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार भी प्राप्त किया |</u>**

भारत हेवी इलेकिट्रकल्स लिमिटेड के कर्मचारियों ने अपने नवीन प्रक्रियाओ के लिये आज यहां आयोजित एक समारोह मे सार्वजनिक और निजि क्षेत्र के बीच वर्ष 2008 के लिये एक बार फिर तीन विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये| इसके साथ ही बीएचईएल कर्मचारियो द्वारा प्राप्त किये ग़ये कुल विश्वकर्मा पुरस्कारो की संख्या 106 हो गई है |

बीएचईएल की हैदराबाद यूनिट के 9 कर्मचारियों ने यह पुरस्कार संयुक्त रूप से प्राप्त किया उन्हे यह पुरस्कार अपने नव-परिवर्तित सुझावों, जिनके फलस्वरूप उत्पादों की लागत में कमी , अधिक उत्पादकता, सुरक्षा और गुणवत्ता में वृद्धि हुई है के लिये दिया गया | पुरस्कार प्राप्त करने वाले इन कर्मचारियों के विभिन्न नव परिवर्तनो और सुझावों द्वारा विनिर्माण प्रणाली और प्रक्रियाओं को अपनाने के फलस्वरूप बीएचईएल को प्रचुर मात्रा में एकमुश्त और हर वर्ष बचत होगी |

इसके अतिरिक्त कार्यस्थल पर दीर्घावधि तक दुर्घटना रहित और दुर्घटना की दर को निम्न स्तर पर बनाये रखने की अपनी असाधारण उपलब्धि पर बीएचईएल के तिरुची युनिट ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया है| उल्लेख्ननीय है कि भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा प्रदान किये जाने वाले इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को बीएचईएल और इसके कर्मचारी प्रारम्भ से ही प्राप्त कर रहे हैं |

हाल ही में बीएचईएल कर्मचारियों को देश में सार्वजनिक और निजि क्षेत्र के बीच प्रदान किये जाने वाले सबसे अधिक प्रधानमंत्री के श्रम पुरस्कार प्रदान किये गये |

बीएचईएल के कर्मचारी सदैव इसकी शक्ति रहे हें और बीएचईएल लगातर उनके सीखने और विकास पर निवेश करती रहती है ताकि वे ग्राहक को नवीन समाधानप्रदान कर सके | आज के विश्व्व्यापिकरण , प्रतिस्पर्धा, ग्राहक की उम्मीदों के अनुसार चुनौतीपूर्ण वातावरण और नई आर्थिक नीतियों को ध्यान मे रखते हुऐ, भारत में मानव संसाधन विकास में प्रमुख, बीएचईएल को जटिल संसाधनों के गुणव्त्ता, मानव संसाधन और इसके मूल्य का भली भांती ज्ञान है |

हर कर्मचारी को बढ़ावा देने , परियोजनाओं में सुधार व सक्षमता विनिर्माण एंव कम्पनी में सभी गतिविधियों में सुधार के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बीएचईएल में "सुधार पुरस्कार योजना" लागू की गई है | ये योजना ई-नेटवर्क पर अधारित है और विभिन्न पहलुओं जैसे विभाग से संबंधित, नव-परिवर्तन / रचनात्मक, लक्ष्य की प्राप्ति, संस्थागत, प्रचार-प्रसार और वित्तीय प्रभाव को महत्व देती है||